दिन–शुक्रवार दिनांक– 16/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में डॉक्टरों की हड़ताल जारी। भारतीय चिकित्सा संघ ने कल देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद करने की घोषणा की।

02. चुनाव आयोग ने जम्मू–कश्मीर और हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव की घोषणा की। जम्मू–कश्मीर में तीन चरणों और हरियाणा में एक चरण में वोटिंग होगी।

03. राज्य के विभिन्न भागों में भारी बारिश से नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। सहरसा–मानसी रेलखंड पर बाढ़ के खतरे को देखते हुये रेलवे ने निगरानी बढ़ाई।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की।

————————————————————————

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना का प्रदेश में भी भारी विरोध हो रहा है। विरोध के चलते प्रदेश के अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं। जूनियर डाक्टरों और रेसिडेंट डाक्टरों की हड़ताल के कारण प्रदेश में कई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में ओपीडी और आपातकाल सेवाएं बाधित हैं। इसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन भी टालने पड़े हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि एम्स पटना में भी विरोध प्रदर्शन जारी है।

———बाइट———

एम्स पटना के छात्रों, जूनियर डाक्टरों तथा रेसिडेंट डाक्टरों ने विरोध मार्च निकाला और घटना को लेकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के चलते एम्स पटना में ओपीडी सेवाएं ठप हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्र और चिकित्सक सुरक्षा की मांग को लेकर लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। वहीं पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग भी की गयी है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर देंगे। इधर, पटना के पीएमसीएच, एनएमसीएच और आईजी आईएमएस में भी चिकित्सा सेवाएं बाधित हुई हैं।
आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन–आईएमए ने कल सुबह से चौबीस घंटे के लिए देश भर में चिकित्सा सेवाएं बंद करने की घोषणा की है। आईएमए ने एक बयान में कहा कि सभी आवश्यक सेवाएं बहाल रहेंगी। लेकिन नियमित ओपीडी चालू नहीं रहेंगी

और वैकल्पिक सर्जरी नहीं की जाएंगी। इधर, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख की ओर से अधिकतम छह घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख को पत्र लिखा है। यह निर्देश हाल ही में कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या की घटना और इस मुद्दे पर रेजिडेंट डॉक्टरों के विरोध के मद्देनजर आया है।

———————————————————————

डॉक्टरों की हड़ताल से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूर–दराज से आये मरीज इलाज के अभाव में लौट रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————

चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर और हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों को बताया कि जम्मू कश्मीर में परिसीमन के बाद बनी नब्बे सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। अठारह सितम्बर को पहले चरण, पच्चीस सितम्बर को दूसरे चरण और एक अक्टूबर को तीसरे चरण में वोट डाले जायेंगे। वहीं, हरियाणा में एक अक्टूबर को एक ही चरण में सभी नब्बे सीटों के लिए वोट डाले जायेंगे। दोनों राज्यों में वोटों की गिनती चार अक्टूबर को की जायेगी।

———————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और एसआर–ओ उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इन उपग्रहों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान –एसएसएलवी–डी3 की तीसरी उड़ान के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस सफलता से यह साबित हो गया है कि भारत अत्यंत छोटे और सूक्ष्म उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम है। इन दोनों उपग्रहों को चार सौ पचहत्तर किलोमीटर दूर कक्षा में स्थापित किया गया है और इनके सौर पैनल खोल दिए गए हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान–एसएसएलवी डी–3 ने आज सुबह ठीक 9 बजकर 17 मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से उड़ान भरी। इसरो केंद्र और दर्शक दीर्घा में उपस्थित सभी लोगों की तालियों के बीच रॉकेट अंतरिक्ष में उड़ गया। मिशन का उद्देश्य एवियोनिक सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण करना और भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के भविष्य के उपक्रमों के लिए एक सुदृढ आधार प्रदान करना है। यह उपग्रह निगरानी, आपदा निगरानी, आग का पता लगाने, ज्वालामुखी गतिविधियों, औद्योगिक और बिजली संयंत्र आपदाओं जैसे अनुप्रयोगों के लिए दिन और रात के दौरान इंफ्रारेड तस्वीरें भेजेंगा। चेन्नई से जॉय की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अमन यादव।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका निधन सोलह अगस्त दो हजार अठारह को हुआ था। सत्ताईस मार्च दो हजार पन्द्रह को उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक रिपोर्ट–

---बाईट---

हास्य–रूदन में, तूफ़ानों में, अगर असंख्यक बलिदानों में, उद्यानों में, वीरानों में, अपमानों में, सम्मानों में, उन्नत मस्तक, उभरा सीना, पीड़ाओं में पलना होगा।
क़दम मिलाकर चलना होगा।

चाहे वो काव्य मंच हो या संसद का गोल घर। अटल बिहारी वाजपेई ने अपने वक्तव्य से जन सबोंधन में कोई कसर नहीं छोड़ी। राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले वाजपेई की देह सन 2018 में 93 वर्ष की आयु में बीत गई। जब सन् 1999 में तमाम विपक्ष ने अपने अस्तित्व का ज़ोर लगा दिया तब वाजपेई सरकार को मात्र एक वोट से हार का सामना करना पड़ा। मगर कहते हैं ना – मैं इस कदर हार जाऊंगा तुम जीतकर पछताओगे–

हम संख्याबल के सामने सिर झुकाते हैं और आपको विश्वास दिलाते है जो कार्य हमने अपने हाथ में लिया है वो राष्ट्र के उद्देश्य पूरा नहीं कर लेंगें, तक तक विश्राम से नहीं बैठेंगे।

प्रगतिशील विचार वाले अटल बिहारी वाजपेई की आज पुण्यतिथि है। देश के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना से लबरेज वाजपेई कहते हैं–

उस समय के प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव जी ने भारत का पक्ष रखने के लिए मुझे विरोधी दल के नेता के नाते मुझे जिनेवा भेजा था और पाकिस्तानी नेता मुझे देखकर चमत्कृत रह गए, क्योंकि उनके यहां विरोधी दल का नेता ऐसे राष्ट्रीय सहयोग देने के लिए तैयार नहीं होता। सत्ता का खेल तो चलेगा सरकारे आएंगी–जाएंगी, पाटिंया बनेंगी, बिगड़ेगी मगर यह देश रहना चाहिए, इस देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए।

नई दिल्ली में सदैव अटल स्थित उनकी समाधि पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के पाटलिपुत्र पार्क में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की।

---

राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी पटना के गांधी घाट और हाथीदह के साथ–साथ भागलपुर और कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बनी हुयी है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली खतरे के निशान से छत्तीस सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, जिले के गंगपुर सिसवन में जलस्तर लाल निशान के पास बना हुआ है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान से छब्बीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से

एक सौ छह सेंटीमीटर ऊपर है। फिलहाल नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में बयासी सेंटीमीटर, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में एक सौ सैंतीस सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से एक सौ पांच सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से अठारह सेंटीमीटर ऊपर है। इधर, बेगूसराय जिले के बाढ़ प्रभावित सात प्रखंडों में गंगा नदी के जलस्तर में कुछ कमी आने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिला प्रशासन की ओर से बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान चलाय जा रहा है।

———बाईट———

बेगूसराय के बछवाड़ा, मटिहानी, तेघरा, बरौनी, बलिया और साहेबपुर कमाल के दियारा इलाकों में गंगा का रौद्र रूप शांत होने से राहत अभियान में तेजी आई है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से प्रभावित लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बताया कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में प्रभावित लोगों की स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है। है। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों के स्कूलों में इक्कीस अगस्त तक छुट्टी की धोषणा की गई है।

आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

मुंगेर से हमारे संवाददाता प्रशांत कुमार ने बताया है कि कुछ प्रखंडों में गंगा के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग महामारी को लेकर अलर्ट पर है।

———बाईट———

जिले में गंगा के जलस्तर में प्रति तीन घंटे में एक सेंटीमीटर की कमी हो रही है। हालांकि सदर प्रखंड के तीन पंचायत जाफरनगर, कुतलुपुर और टिकारामपुर अभी भी बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। जिला आपदा पदाधिकारी कुमार अभिषेक ने कहा है कि घटते जलस्तर के बाद भी जिन पंचायतो में बाढ़ का पानी अभी नहीं निकला है वहां महामारी को रोकने के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिडक़ाव और फागिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों के आवागमन के लिए प्रत्येक पंचायत में दो—दो नाव की व्यवस्था की गई है।

आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

सहरसा में नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी को देखते हुए प्रशासन की तरफ से चौकसी बढ़ा दी गई है।

———बाईट———

सहरसा में कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण नवहट्टा प्रखंड के केदली गांव जाने वाली मुख्य सड़क का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इधर, सहरसा—मानसी रेलखंड पर भी बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इस रेलखंड के कोपरिया—धमारा घाट स्टेशन के बीच दो स्थानों पर कोसी नदी खतरे के निशान से केवल दो मीटर नीचे बह रही है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए रेलवे ने पटरियों और पुलों पर निगरानी बढ़ा दी है।

आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

———————————————————————

सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में वर्ष दो हजार बाईस के लिए घोषित विजेताओं की सूची जारी की। फीचर फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार गुलमोहर को मिला है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अमोल पालेकर, चंदन रॉय और शर्मिला टैगोर ने मुख्य भूमिका निभाई है। गैर–फीचर फिल्म श्रेणी में आइना ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है। ऋषभ शेट्टी ने कन्नड़ फिल्म कंतारा में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। अरिजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ पुरूष पार्श्वगायक का पुरस्कार मिला है।

———————————————————————

पूर्व विधायक अनंत सिंह को आज बेऊर जेल से रिहा कर दिया गया। पटना हाईकोर्ट ने पिछले दिनों अनंत सिंह को एके सैंतालीस राईफल और बुलेट प्रूफ जैकेट मिलने के मामले में बरी कर दिया था। अनंत सिंह दो हजार सोलह से जेल में बंद थे।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के लखमिनियां में नहाने के दौरान पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो किशोर की मौत हो गयी। इधर, शिवहर जिले में अलग–अलग स्थानों पर बागमती नदी में दो युवक डूब गये, जिनकी तलाश जारी है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के जयमंगला गांव में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गयी।

अररिया के जोगबनी नगर परिषद में सीमा क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत नवनिर्मित बस स्टैंड का शुभारंभ सांसद प्रदीप कुमार सिंह और स्थानीय विधायक विद्यासागर केसरी ने संयुक्त रूप से किया।

———————————————————————

शिवहर जिले के मुजफ्फरपुर मुख्य पथ के पास वाहन जांच के दौरान तरियानी पुलिस ने तीन युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शेखपुरा जिला न्यायालय ने हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास और बीस हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में डॉक्टरों की हड़ताल जारी। भारतीय चिकित्सा संघ ने कल देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद करने की घोषणा की।

02. चुनाव आयोग ने जम्मू–कश्मीर और हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव की घोषणा की। जम्मू–कश्मीर में तीन चरणों और हरियाणा में एक चरण में वोटिंग होगी।

03. राज्य के विभिन्न भागों में भारी बारिश से नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी। सहरसा–मानसी रेलखंड पर बाढ़ के खतरे को देखते हुये रेलवे ने निगरानी बढ़ाई।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।